दैनिक भास्कर 28/04/2023

# स्टूडेंट्स को दी गौरवशाली अतीत की जानकारी



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट, हिंदी विभाग व इतिहास विभाग ने शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया। स्टूडेंट्स को अपने समृद्ध इतिहास से परिचय करवाने के लिए उन्हें गुरुद्वारा नाडा साहिब व पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देने के लिए कसौली ले जाया गया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा जब तक हमारे स्टूडेंट अपने अतीत को नहीं जानते तो वे वर्तमान को दिशा नहीं दे सकते। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीश ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में सिख गुरुओं की शूरवीरता व साहस से परिचित करवाया गया। वहीं कसौली में उन्हें प्रकृति के संरक्षण के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रो. पारुल व प्रो. रुपाली मौजूद रहीं।